प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 सितंबर को मथुरा वृन्दावन दौरे को लेकर तैयारियां तेज : अपर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने आज लिया तैयारियों का जायज़ा।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को नोएडा में करेंगे इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन : एसपीजी और एयरफोर्स ने आज आयोजन स्थल पर की हेलीकॉप्टर लैंडिंग की मॉक ड्रिल।
3. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025–26 के लिए प्रदेश में उड़द और तूर की शत–प्रतिशत खरीद को दी स्वीकृति : पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और डिजिटल तरीके से सम्पन्न कराने के दिए निर्देश। और
4. शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मांदुगा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की हो रही पूजा–अर्चना : प्रदेश भर की शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगी हैं कतारें।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 सितंबर को मथुरा वृन्दावन के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने आज मथुरा पहुंचकर तैयारियों का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्री कुब्जा कृष्ण मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था देखी और अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनज़र सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं। बाइट.....

*राष्ट्रपति महोदया का यहां पर पच्चीस तारीख को विजिट है और इसी सिलसिले में जो सुरक्षा व्यवस्था है उसका जायजा लेने के लिए चीफ सेक्रेटरी साहब और वे यहां पर आए हुए हैं और सभी स्थानों पर जहां जहां पर महामयी का विजिट है उसका निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्था देते हैं। जो मानक है उनके हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है और पूर्ण सुरक्षित तरीके से कार्यक्रम होगा।*

राष्ट्रपति वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, निधिवन और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अलावा अंतापाड़ा स्थित कुब्जा–श्रीकृष्ण मंदिरमें दर्शन करने पहुंचेंगी। वह अपने एक दिवसीय दौरे में धार्मिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगी।

———————

ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस ट्रेड शो का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर आज एसपीजी और एयरफोर्स ने मिलकर मॉक ड्रिल की जिसमें एयरफोर्स के हेलीकॉप्टरों ने एक्सपो मार्ट में लैंडिंग को।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत–स्वदेशी संकल्प विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि विकसित भारत के सपने को साकार करने का माध्यम है। बाइट.....

*स्वदेशी अब केवल एक नारा नहीं है और स्वदेशी अब केवल खादीवस्त्रों तक सीमित नहीं है। सुई से लेकर के समुद्री मालवाहक जहाजों के निर्माण को लेकर के सरकार देश के अंदर इस प्रकार का प्रोडक्शन कर रही है जो भारत में निर्मित हो जिससे भारत के श्रमिकों का पसीना लगा हो और भारत की युवा शक्ति की प्रतिभा जिसके निर्माण में लगी है वह हमारे लिए स्वदेशी है। मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड और उस स्वदेशी को हम सब अपने जीवन का हिस्सा बना सकें। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।*

————————

भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में कल से लागू किए गए अगली पीढ़ो के जीएसटी सुधार एक बड़ा कदम हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके ये सुधार लोगों को काफी राहत प्रदान करेंगे।

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलना शुरू हो गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, टूथब्रश और शेविंग क्रीम जैसे उत्पादों पर जीएसटी की दरें 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। अल्ट्रा–हाई टेम्परेचर दूध, पनीर, छैना, रोटी और पराठों पर, जीएसटी कर, पूरी तरह से हटा दिया गया है। नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, नूडल्स, चॉकलेट, कॉफ़ी, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन और घी जैसे खाद्य पदार्थों पर भी कर*

*की दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 12 प्रतिशत वाले स्लैब का हिस्सा था। वहीं, रसोई में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, डायपर और सिलाई मशीन जैसी अन्य घरेलू ज़रूरत की चीज़ों पर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।*

*जीएसटी परिषद का यह निर्णय सीधे तौर पर परिवारों पर पढ़ने वाले वित्तीय बोझ को कम कर रहा है, और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ाकर उन्हें मज़बूत करेगा। शिवांग के साथ, नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।*

————————

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना –आयुष्मान भारत के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि  स्वस्थ भारत के संकल्प और स्वास्थ्य के अधिकार को सुनिश्चित करती यह विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना गरीब, वंचित, अशक्त वर्ग समेत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन–संजीवनी बन गई है।**

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025–26 के लिए प्रदेश में प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को स्वीकृति दी है। कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों से उड़द और तूर की शत प्रतिशत खरीद को स्वीकृति दी है। साथ ही मूंग, तिल, मूंगफली की खरीद को भी मंजूरी दी। उन्होंने किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल तरीके से सम्पन्न करने के भी निर्देश दिए हैं। श्री चौहान की अध्यक्षता में आज हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और वरिष्ठ कृषि अधिकारी शामिल हुए।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला–सेवा पर्व में, हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रोज़गार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है। एक रिपोर्ट...

*रोज़गार सृजन और रोज़गार के अवसरों का विस्तार पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अक्टूबर 2022 में शुरू किया गया रोज़गार मेला देश भर में रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक 16 राष्ट्रीय स्तर के रोज़गार मेले आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से*

*10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की, जिसके तहत लगभग साढे तीन करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएँगे।*

*दूसरी ओर, स्टार्टअप इंडिया पहल ने 1 लाख 60 हजार से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान की है और 17 लाख 60 हजार से ज्यादा रोज़गार सृजित किए हैं। अप्रैल 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना लाखों छोटे उद्यमियों को आसान ऋण प्रदान करती है।*

———————————

मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज इटावा के जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा उन्नति यादव को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया। इस दौरान छात्रा ने कहा कि वह भविष्य में समाज के हर वर्ग की मदद करना चाहती हैं। बाइट.....

*मुझे बहुत अच्छा लग रहा है मेरे माता पिता को भी मुझ पे गर्व हो रहा होगाआगे भी मैं इन्हीं की तरह कार्य करुँगी जिस गाँव में जो भी समस्या होगी मैं उसका समाधान निकालूंगी और जो गरीब लोग हैं उनको जो भी चीज़ की समस्या होगी उनकी सहायता करुँगी।*

———————————

समाजवादी पाटी के वरिष्ठ नेता आजम खान तेइस माह बाद आज सीतापुर जेल से रिहा हो गये। उन पर विभिन्न मामलों में छियानबे केस दर्ज हैं। अट्ठारह सितम्बर को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खां की आज रिहाई हुयी।

——————————

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों की लम्बी कतारें देखने को मिल रही हैं। वाराणसी में गंगा के किनारे बालाजी घाट पर स्थित माँ ब्रह्मचारिणी के प्राचीन मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। फर्रुखाबाद के शीतला माता मंदिर बढपुर में भक्त दर्शन पूजन कर मंगल कामना कर रहे हैं। सहारनपुर में सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*नवरात्रि के पावन अवसर पर अन्य राज्यों से भक्त मां शाकुंभरी देवी के दरबार में पहुंच रहे हैं। सुबह से ही मां के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। मंदिर परिसर रोशनी से जगमगा रहा है। भक्तों के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि मेले का शुभारंभ भीहो गया है। 7 अक्तूबर तक चलने वाले इस मेले को लेकर प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। सुरक्षा के मद्देनज़र स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी भी तैनात की गई है। विजयंत सैनी, आकाशवाणी समाचार सहारनपुर।*

——————————

अलीगढ़ जनपद में आज सुबह एक कार और कैंटर की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी। ये घटना अलीगढ़ के अकाराबाग थाना क्षेत्र स्थित गोपी पुल पर हुयी जिसमें कार सवार चार लोग और कैंटर चालक की मौत हो गयी। इस दुर्घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक–संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

(समाप्त)